ब्रीफ न्यूज

केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में लैंगिग समस्या पर व्याख्यान

कोलकाता. केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में लैंगिग समस्या पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सुदेशना गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्रीदीपा सिन्हा का परिचय कराया. कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना झा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वास्तविकता यह है कि कन्या के जन्म को आज भी चिंता का जन्म माना जाता है. प्रमुख वक्ता कलकत्ता विश्वविद्यालय के एजुकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीदिपा सिन्हा ने कहा कि स्त्री-पुरुष से ही समाज चलता है. अब लिंग भेद के प्रति लोगों की सोच बदल रही है. समाज में नारी स्वतंत्रता की बात की जाती है, किंतु उसके अधिकार और कर्त्तव्य के बारे में बात नहीं होती है. प्रोफेसर सिन्हा ने ट्रांसजेंडरों, समलैंगिकों को लेकर भी चर्चा की. उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी लैंगिक समस्या बनी हुई है. जन्म से लेकर शिक्षा, चिकित्सा आदि में लैंगिक भेदभाव किया जाता है. लैंगिक समस्या को बढ़ावा देने में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक कारण प्रमुख है. धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर तृषा बनर्जी ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड और डीएलईडी के छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.